दिनांक 7 सितंबर 2019

स्वच्छ भारत अभियान

स्वच्छ एवं सुंदर भिलाई

प्लास्टिक/पॉलिथीन मुक्त शहर बनाने चेंबर ऑफ कॉमर्स एवं व्यापारियों के साथ निगम के अधिकारियों की हुई बैठक

महापौर एवं भिलाई नगर विधायक देवेंद्र यादव ने प्लास्टिक/पॉलीथिन मुक्त भिलाई शहर बनाने की दिशा में कार्य करने के लिए निर्देश दिए हैं जिसके लिए आयुक्त ऋतुराज रघुवंशी ने इसके लिए कवायद तेज कर दी है! नगर पालिक निगम भिलाई क्षेत्र अंतर्गत प्रतिबंधित प्लास्टिक/पॉलिथीन मुक्त शहर बनाने के लिए चेंबर ऑफ कॉमर्स एवं व्यापारियों के साथ निगम के अधिकारियों की महत्वपूर्ण बैठक मुख्य कार्यालय के सभागार में आज आयोजित हुई जिसमें बड़ी संख्या में व्यापारीगण शामिल हुए!

निगम के अधिकारियों ने कहा कि प्लास्टिक मुक्त शहर बनाने की दिशा में नगर पालिक निगम भिलाई जोर शोर से कार्य कर रहा है उड़नदस्ता की टीम लगातार पॉलिथीन विक्रय करने वालों के विरुद्ध कार्रवाई कर रही है व जुर्माना भी वसूल कर रही है !प्लास्टिक मुक्त शहर बनाने के लिए बहुत से कार्य आगे किए जाने हैं तथा जनभागीदारी को भी इसमें सम्मिलित किया जाना है जिसके लिए व्यापारियों का सहयोग आवश्यक है!